भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2802** जिसका उत्तर

गुरूवार, **5 अगस्त**, 2021/14 श्रावण, 1943 (शक) को दिया जाना है

प्रकाशस्तंभो का जीर्णोद्धार

†2802. श्री ए. गणेशमूर्ति:

श्री एस.रामलिंगम:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की तिथि के अनुसार केंद्र सरकार के नियंत्रणाधीन कुल प्रकाशस्तंभों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के मामल्लापुरम में कार्यरत प्रकाशस्तंभ के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) नवीनीकरण कार्यों पर खर्च की गई निधि का ब्यौरा क्या है

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): महोदय, आज की तारीख में, केंद्र सरकार के नियंत्रण वाले दीपस्तंभों का राज्य-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

क्र.सं.	राज्य/ संघ शासित प्रदेश	दीपस्तंभों की संख्या
1	गुजरात	38
2	महाराष्ट्र	26
3	गोवा	3
4	कर्नाटक	9
5	केरल	16
6	तमिलनाडु	22
7	आंध्र प्रदेश	18
8	ओडिशा	6
9	पश्चिम बंगाल	3

10	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	35
11	दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	1
12	लक्षद्वीप	16
13	पुदुच्चेरी	2
	दीपस्तंभों की कुल संख्या	195

(ख) से (घ): जी, हां। मामल्लपुरम (तमिलनाडु) में दीपस्तंभ के कार्यकरण को मेटल हैलेड लैंप इल्यूमिनेंट को आत्मनिर्भर भारत के तहत विकसित किए गए उच्च तीव्रता वाले एलईडी इल्यूमिनेंट से बदल कर सुधारा गया है और इन आधुनिकीकरण कार्यों के लिए 6,01,800/- रु. (छह लाख एक हजार और आठ सौ रु.) की राशि व्यय हुई है।

*****